


## सार-समाचार

### नगर विकास समिति ने ज्ञापन दिया

**उदयपुर, (कासं)।** नाकोडा नगर विकास समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन को ज्ञापन दे कर क्षेत्र में पानी बिजली एवं सडक की समस्याओं का निदान तीन दिन में नहीं होने पर सोमवार को जन आंदोलन जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि यूआईटी उदयपुर द्वारा जलदाय विभाग को 3 वर्ष पूर्व लगभग 9 करोड रुपए क्षेत्र में पेयजल सप्लाई हेतु दिए गए थे कई बार ज्ञापन प्रदर्शन के बावजूद भी जलदाय विभाग की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते क्षेत्र में पेयजल सप्लाई शुरू नहीं की गई है ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है नाकोडा नगर प्रथम द्वितीय में पेयजल टंकी तीन माह पहले ही बन गई थी एवं पाइपलाइन भी बिछी जा चुकी है जबकि पानी की सप्लाई अभी तक शुरू नहीं की है एवं क्षेत्रवासी 500 रूपये प्रति टैंकर के हिसाब से रोजमर्रा का पानी खरीद रहे हैं वहीं 40 रू प्रति कैंपर के हिसाब से पीने का पानी खरीद कर जीवन यापन कर रहे हैं संबंधित ठेकेदार द्वारा सडकों की ताबडतोड अनियमित खुदाई कर सारी सडकों को नष्ट कर दिया है जिससे आवागमन बाधित होता है एवं आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है भीषण गर्मी के दौर में बिजली की आंख मिचौली चलती रहती है रात को भी एक घंटा बिजली गुल रही वहीं दिन में भी दो-तीन बार अघोषित बिजली कटौती चलती रहती है जिससे क्षेत्रवासी परेशान हैं एवं विद्यार्थियों को पढाई में बाधित होती है प्रतिनिधिमंडल में ट्रांसपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत, नाकोडा नगर विकास समिति के संरक्षक गुलाब सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष महेश व्यास, सचिव डॉ. भेरु सिंह राठौड, हरीश चन्द्र जोशी, घनश्याम सुथार आदि क्षेत्र वासियों ने तीन दिन के लिए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है एवं व्यवस्थाएं सुचारू करने हेतु समय दिया है।

### योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर, (कासं)।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन उदयपुर, आयुर्वेद विभाग राजस्थान, राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार, पतंजलि योग समिति उदयपुर, एवं अन्य सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः 6:30 बजे से सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा। इस पूर्वाभ्यास में आम जन व योग प्रेमी भाग ले सकते हैं।उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर डॉ राजीव भट्ट ने सभी महिला संगठनों और समाज की सभी महिलाओं से आग्रह किया गया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए योग में शामिल हों। योग प्रशिक्षक महिलाओं एवं समस्त आम नागरिकों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभों के बारे में जानकारी देंगे। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी एवं योग समन्वयक डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस वर्ष का थीम "महिला सशक्तिकरण के लिए योग" पर आधारित है। इसमें महिलाओं एवं महिला संगठनों से अपील की ग है कि वे बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को शहर के ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटन स्थलों पर योग के आयोजन होंगे। पतंजलि योग समिति के योग समन्वयक योगी अशोक जैन ने बताया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शीघ्र ही योग प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी योग प्रेमियों से अपील की है कि वे रविवार प्रातः अपने साथ योग मेट या आसन अवश्य लाएं और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

### बदमाश गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अन्तर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दो वाहन बरामद किए। प्रकरण के अनुसार 7 अप्रेल 2024 को पीडित प्यारचंद पुत्र माधुजी जाट निवासी सेक्टर 14 सविना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि सवेरे मेरी कार अज्ञात चोर मकान के बाहर से चुरा ले गया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना पर टोल नाकों से संदिग्ध वाहनों के सीकर की तरफ जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस दल पीछा करते हुए सीकर स्थित गैराज पर पहुंचा। जहां खडे वाहनों के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना कर उक्त वाहन में से एक कार सविना क्षेत्र से चोरी होने की सामने आने पर कार जब्त कर आरोपी विकास उर्फ कालु पुत्र छगनलाल कुमावत निवासी सिरशु पुलिस थाना रानोली सीकर को गिरफ्तार किया। जिससे की गई पूछताछ के आधार पर एक कार को टोडाभीम पहुंच पाली महुला से आरोपी राकेश के घर से कार बरामद की। पुलिस आरोपी विकास से पूछताछ कर रही है। आरोपी वाहन चोरी करने के बाद इंजन व चेचीस नंबर बदल गाडियों को कम दामों या कबाडी को बेच दिया करते थे।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** महिला ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी कर एठीमेंट से कम जमीन बेच कर नकदी हडपने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता गोपीबाई पत्नी मेघराज निवासी टूस डांगिया डबोक हाल घणोली ने आरोपी मांगीलाल पुत्र भेरूलाल भील निवासी घणोली व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी से धुणीमाता क्षेत्र में जमीन खरीदने की बातचीत होने पर उसने अपने ही कब्जेशुदा जमीन बेच का एठीमेंट किया। बदले में 2 लाख रूपये का भुगतान किया। नकदी देने के बाद मौके पर कब्जा देखने पर जमीन एठीमेंट अनुसार नहीं होने की जानकारी सामने आई।

### एमडीएमए सहित एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए विजेश रावत पुत्र राम उर्फ रामजी निवासी मगरी फला अडिंदा थाना खेरोदा हाल प्रकाश आरओ वाटर सप्लायर भमरासिया डबोक को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 3.54 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त किया।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** प्रार्थना मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष हेमन्त चोपडा ने बताया कि संस्थान कार्यालय पर निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, डॉ अनन्तप्रकाश गुप्ता द्वारा शिविर में पहुचें 32 रोगियों का उपचार किया। हृदय रोग, चर्म रोग, श्वास रोग, एलर्जी, सफेद दाग, आदि रोगों का उपचार किया गया एवं लू से बचाव के उपाय बताये। संस्थान सचिव विनय जैन ने बताया की शिविर में पूर्णतया निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाई वितरण किया।

# सालवी समाज के सामूहिक विवाह में 43 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

- उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा सहित राजनीतिक हस्तियों ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद
- कस्बे में मुख्य मार्गों पर नीली पताकाओं के साथ निकाली बिन्दोली

**राजसमंद, (निसं)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा गुरूवार को राजसमंद जिले के भीम कस्बे के दौरे पर रहे। उन्होंने पाटिया मैदान में आयोजित सालवी समाज के तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत की और नव विवाहित जोडों को आशीर्वाद दिया। आयोजन समिति के संयोजक प्रवेश सालवी ने बताया कि अखिल सालवी महासभा एवं विकास संस्थान के तत्वाधान में भीम कस्बे के पाटिया ग्राउंड में तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 43 जोडे परिणय सूत्र में बंधे।

सम्मेलन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का ब्यावर विधायक शंकरसिंह रावत, भीम विधायक हरि सिंह रावत और आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। विवाह सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि शिक्षक दिवस आज देश का भविष्य है और वही समाज को नई दिशा दे सकते हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन एक सराहनीय पहल है। सभी समाज को कुरूतियों को त्याग कर आगे बढना होगा, जिससे कि समाज के साथ ही राज्य और देश का भी नवनिर्माण हो सके। अखिल सालवी महासभा एवं विकास संस्थान मियाला देवगढ के बैनर तले बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सालवी समाज का युवा सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह भीम कस्बे के प्रमुख शक्तिपीठ मां आशापुरा मंदिर के समीप स्थित एतिहासिक खेल मैदान पाटिया में हुआ। समारोह को लेकर गत कई महीनो से समाज के पदाधिकारी एवं समितिया तैयारी कर रही थी। इसके तहत विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। सामूहिक विवाह को लेकर समिति के निर्देशन में 9 मई को सावा लेखन एवं विनायक स्थापना कराई थी। परिणय सूत्र में बंधे वर वधुओं की गुरुवार को शक्तिपीठ आशापुरा धाम से हाथी घोडो ढोल नगाडो बैण्ड एवं डीजे के साथ नाचते गाते बिन्दोली एवं शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा एवं बिन्दोली में सभी समाजजन सजधज कर एक रंग के जोधपुरी साफे एवं कुर्ते सहित राजस्थानी परिधान में देखे गए। संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जय भीम स्लोगन वाली नीली पताकाओं के साथ बेटियों की घोडो पर विशेष झांकी तैयार की गई। सामूहिक विवाह समारोह में 86 युवक-युवती हिन्दू रीति रिवाज से अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे। नवविवाहिताओं का पाणिग्रहण संस्कार आर्य समाज अजमेर के पंडितों द्वारा कराया गया।

राजनीतिक हस्तियों ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद : समारोह में प्रदेश सहित मगरा एवं मेवाड की प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने परिणय सूत्र में बंधे नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा, मगरा बोर्ड पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक हरिसिंह रावत, पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट, ब्यावर विधायक शंकरसिंह रावत, पूर्व जिला प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक प्रवेश कुमार सालवी, पूर्व जिला प्रमुख भीलवाडा सुशीला सालवी, कालेसरिया सरपंच जयराम सालवी, हामेला की वेर सरपंच राकेश सालवी, विनीता सालवी, सुरेश सालवी, आरपीएस बंशीलाल चणिया, नायब तहसीलदार पारसमल बुनकर, पूर्व सरपंच प्रकाश नागर, अधिशाषी अभियन्ता वेणाराम नागर, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रभुदयाल नागर, अशोक धोधावत, नर्सिंग ऑफिसर अमृत नागर, भूपेन्द्र बुनकर, वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र सालवी, आरपीसी डालूराम सालवी, एईएन यशोदा नागर, पार्षद वीरम सालवी, आर्किटेक्ट चेतन सालवी, नाराराम बुनकर, हजारी लाल आर्य, पदमा राम सालवी, अधिवक्ता राजकुमार सालवी, अर्जुन सालवी, गोपाल सालवी, नारायण लाल सालवी सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने परिणय सूत्र में बंधे नव दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** ऋणशुदा मकान बैंक में ऋण जमा कराने के बाद भी पीडित को मकान की रजिस्ट्री नहीं करवाने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्रापत जानकारी केअनुसर ओमप्रकाश बागडी पुत्र भोपाल बागडी निवाीस सेक्टर 3 हिरणमगरी ने आरोपी यशवन्त मैनारिया व उसकी प त्नी निर्मला मैनारिया निवासी नई बावडी के पास पुरोहितों की मादडी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी से मकान खरीदने की बात चीत होने पर उसने अपना मकान बेचने का प्रस्ताव रखा तथा मकान का बकाया बैक ऋण जमा कराने पर एठाीमेंट करने की बात कही। इस पर 23 जून 2017 को 67 लाख रूपये बैंक में जमा कराने के बाद आरोपी ने एठाीमेंट कर लिया। इसी दौरान उसने विश्वास मे लेकर उसी मकान को किराये पर ले कर रहना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद आरोपी ने उसी मकान का अपने नाम पर पट्टा जारी करवा दिया। इसका पता चलने पर एतराज किया तो आरोपी ने रजिस्ट्री करने के लिए टालम टोल कर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

## पारा पहुंचा 44 डिग्री पार

**उदयपुर, (कासं)।** डबोक स्थित मौसम विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को न्यूनतम तापमान 32.2 तथा अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि उदयपुर शहर में चौराहे पर लगे तापमान मापी में शहर का अधिकतम तपमान 48 डिग्री सेल्सियस मापा गया जबकि एक दिन पहले उदयपुर में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

**सम्मन**

वाद पत्रों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन(आदेश-5 नियम ओर जाब्ता दीवानी परिशिष्ट-ख-सं.-02 )अज सिविल न्यायाधीश अनूपगढ़ जिला-श्रीगंगानगर (राज)व एजलास सुरेश कुमार बुरड़क(आरजेएस) श्रीमति अमरीदेवी बनाम प्रवीण बापना आदि वाद प्रकरण सं.34/22 वाद पत्र बाबत ईकरारनामा दिनांक 30.5.1975 व 11.11.1992 के विनिर्दिष्ट अनुपालना। बनाम1-प्रवीण बापना 2.राकेश बापना 3.निकल बापना पिसरान मोतीलाल बापना जाति बापना निवासीगण बापनों की पोल उदयपुर जिला उदयपुर (राज.) मुस्मी वादीया अमरीदेवी ने आपके खिलाफ वाद पत्र संस्थित किया है अतएव एतदद्वारा आहुत किया जाता है कि आप स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि समय के रूपेण अनिवष्ठ है और वाद संबंधी सब सारवान प्रशनों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति जो कि ऐसे सब प्रशनों का उत्तर देने में सक्षम है। दिनांक 27.5.2024 को सुबह-7 बजे उपस्थित हो। आपको सूचना दी जाती है कि ऊपर वर्णित दिवस को आपसी उपस्थिति चैक होने पर वाद आपकी अनुउपस्थिति में सुना जावे और अवधारित किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 17.5.24 को जारी किया गया।

सिविल न्यायाधीश, अनूपगढ़

# 'स्वीकृत कार्यों की बकाया पहली किशत जल्द होगी जारी'

**उदयपुर, (कासं)।** डिस्ट्रिक्ट माइन्स फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत पूर्व में स्वीकृत कार्यों को लेकर बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, समसा, वन विभाग आदि महकमों के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में स्वीकृत कई कामों की टेण्डर प्रक्रिया और कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक प्रथम किशत का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर जिला कलक्टर ने विभागवार ऐसे प्रकरणों की विस्तृत जानकारी लेते हुए सदस्य सचिव खनि अभियंता आरिफ अंसारी से चर्चा की। अंसारी ने लेखाधिकारी का पद रिक्त होने तथा कोष कार्यालय से सप्ताह में दो दिन उपलब्ध कराए जा रहे लेखाधिकारी के भी लंबे समय से अवकाश पर रहने सहित अन्य तकनीकी समस्याएं बता । इस पर जिला कलक्टर ने सदस्य सचिव अंसारी और कोष कार्यालय के अधिकारियों को प्रथम किशत के लंबित प्रकरणों की फाइलें कलेक्ट्रेट में ही बैठकर दो दिन में तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बकाया पहली किशत के सभी प्रकरणों का निस्तारण जल्द से जल्द होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने तृतीय किशत और अंतिम भुगतान के प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि आचार संहिता समाप्ति के पश्चात नए अनुमोदित कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया होगी। ऐसे में पूर्व के बकाया कार्यों को समय रहते निस्तारित करना आवश्यक है। बैठक में एसी ओ जिला परिषद ताहिर अंजुम सम्मा, उपवन संरक्षक मुकेश सैनी, अजय चित्तौड़ा, डीके तिवारी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अनिल गर्ग, राजीव अग्रवाल, अधिशासी अभियंता समसा सुनील जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मनरेगा कार्यों का समय बदला

**उदयपुर, (कासं)।** प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कार्यों का समय सुबह 5.30 बजे से मध्यान्ह 12.30 बजे तक निर्धारित किया है।

जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशानुसार प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए नरेगा श्रमिकों के लिए यह व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रावधान भी किया गया है कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में अंकित करवाने के बाद एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्यस्थल छोड़ सकता है।

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला -राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक. / I.पा.ना./नामान्तरण/2024-25/7096 दिनांक : 22/05/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड / भवन का स्वयं के नाम पर अंगराकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती मोनिका भाटिया पत्नि श्री कमल भाटिया निवासी-सिन्धि कॉलोनी नाथद्वारा | सुखाड़िया नगर नाथद्वारा, स्वीकृत योजना माप 1800 भूखण्ड संख्या 18 ग | भूखण्ड संख्या 17 | भूखण्ड संख्या 19 | पड़त सरकारी भूमि | आम रास्ता |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ हेतु दर्शित करने के लिये सूचना**

प्रहलाद चन्द माता स्व.नर्बदा बाई पुत्र राधेश्याम सुथार निवासी रानीखेड़ा तहसील निम्बाहेड़ा।
.........प्रार्थी

बनाम

बालुलाल पिता हीरालाल सुथार निवासी निम्बाहेड़ा वगैराह।
.........विपक्षी

मु.न.29/2024 प्रार्थना पत्र

प्रेषिति:-

1. श्रीमती स्नेहलता पत्नी अनील कुमार समदानी निवासी 85-शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा
2. दिव्या पुत्री गोवर्धनलाल समदानी निवासी 85-शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा
3. श्रीमती कौशल्या पत्नी गोवर्धनलाल समदानी निवासी 85-शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा
4. श्रीमती विजयलक्ष्मी पत्नी दीपक समदानी निवासी 85-शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा

प्रार्थी प्रहलाद पिता राधेश्याम सुथार नि.रानीखेड़ा ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि गांव निम्बाहेडा तहसील निम्बाहेडा की खाता नं. 472 की आराजी नं. 1422 रकबा 1.500 है.आराजी नं. 1431 रकबा 0.2900 है.कुल किता 2 कुल रकबा 1.7900 है.में प्रार्थी प्रहलाद सुथार का उसकी माता स्व. नर्बदा बाई से प्राप्त पुश्तैनी आराजी में 1/4 हक हीस्सा निहीत है से प्रार्थी को जबरन बेदखल न करे न करावे, प्रार्थी के शान्तीपूर्ण कब्जे में किसी प्रकार की बाधा न करें न करावें। प्रार्थी को शान्तीपूर्ण तरीके से काश्त करने दे, उसमें किसी प्रकार की बाधा न करे न करावें तथा वाद ग्रस्त आराजीयात को रहन बय बक्षीश में माध्यम से कीसी प्रकार हस्तान्तरीत व खुर्द बुर्द न करे न करावे व राजस्व रेकार्ड व मौके की यथास्थिति बनाये रखे।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिये तारीख 12/06/2024 पूर्वाह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा सम्यक रूप से जिसे अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो। यदी आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारिख 15.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर)

न्यायाधीश के हस्ताक्षर
उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा

## प्रशिक्षण आज

**उदयपुर,(कासं)।** लोकसभा आम चुनाव के तहत 4 जून को मतगणना के लिए कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण शुक्रवार को नगर निगम परिसर स्थित सुखाड़िया रंगमंच सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में होगा।

# हमला करने के मामले में एक पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** सिगरेट के लिए लाईटर नहीं देने पर चाकू से हमला कर युवक को घायल करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।21 मई 2024 सांय अलीपुरा कृष्णपुरा नदी पेटे में आलु फेक्ट्री कच्ची बस्ती शहीद भगत सिंह नगर निवासी राहुल (30) पर कृष्णपुरा निवासी प्रकाश उर्फ पका व विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों ने चाकू से हमला कर फरार हो गए। पेट एवं जांघ पर लगने से घायल होने पर राहुल को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

# पर्यावरण और वातावरण की रक्षा के लिए हम सबको करना होगा प्रयास : गुप्ता

- जनता और पशु पक्षी भी प्रचण्ड गर्मी से बेहाल

**उदयपुर, (कासं)।** पर्यावरण में वृक्षारोपण का बहुत बडा महत्व है। वृक्ष कम से कम 12 फीट ऊंचा होना चाहिए। उसकी सुरक्षा एवं पानी व्यवस्था निश्चित होनी चाहिए। आज प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन में जीव जगत के लिए वृक्षों का बहुत महत्व हैं गर्मी, सर्दी, वर्षा सभी प्रकृति पर निर्भर करते है। अगर प्रकृति संतुलित रहती है तो मौसम भी समय अनुकूल संतुलित रहेगी अन्यथा, अकाल, बाढ, भूस्खलन, भूकम्प, प्राकृतिक सम्पदा कहर बढायेगी।

यह वक्तव्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एनएसएससी के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता ने व्यक्त किए हैं।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए गुप्ता ने बताया कि आज के समय में हम देख रहे हैं कि राजस्थान प्रदेश सहित पूरे देश में वातावरण अत्यधिक रूप से प्रदूषित हो रहा है तथा तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। कारखाने और फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं हमारे पर्यावरण को बिगाड रहा है इसके साथ ही अंधाधुंध तरीके से हो रही पेडों की कटाई और इसके एवज में इतनी ही अधिक मात्रा में वृक्षारोपण नहीं किया जाना का परिणाम आज हम भुगत रहे हैं। राजस्थान के प्रत्येक शहर का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है, जनता और पशु पक्षी भी इस प्रचंड गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। एक विकट स्थिति में जनता को भी आगे आना होगा और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सजग होकर पर्यावरण और वातावरण की रक्षा के लिए हम सबको प्रयास करनाहोगा।

गुप्ता बताते हैं कि राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का यह विजन है कि हमारा मरू प्रदेश राजस्थान प्रदूषण मुक्त और हरा भरा बने। प्रदेश में मरुस्थलीकरण के प्रसार को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं और पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में वृहद स्तर पर सरकार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। राजस्थान को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में भी कार्य करते हुए सरकार द्वारा फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाले हानिकारक धुएं की रोकथाम के लिए भी पर्यावरण विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी करते हुए आवश्यक कार्यवाहियां की जा रही है। विभिन्न प्रकार के वहां विशेष कर बडे कमर्शियल वाहन से निकलने वाला धुआं बहुत हानिकारक होता है, इस क्षेत्र में भी नवाचार करते हुए इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन गैस से चलने वाले भारी वाहन और बस संचालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।गुप्ता बताते हैं कि जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि हो रही है वैसे ही मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल बिजली की मांग भी बढती जा रही है। गर्मियों के महीना में यह मांग प्रतिदिन की लाखों यूनिट में बदल जाती है जिसे पूरा करने में विद्युत इकाइयों को बहुत बडे स्तर पर विद्युत निर्माण करना पडता है जिसके लिए कोयले की खपत भी बहुत ज्यादा होती है तथा इस कारण से भी पर्यावरण प्रदूषण होता है। इस क्षेत्र में भी सौर ऊर्जा पैनल के रूप में एक विकल्प का उपयोग करते हुए प्रत्येक नागरिक को अपने घर और कार्यालय पर सौर ऊर्जा प्लेट लगानी चाहिए, इससे दिन भर सूर्य की गर्मी से सौर ऊर्जा प्राप्त होगी जो बैटरी में स्टोर होकर घर के सभी बिजली उपकरण को चलाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा भी प्रधानमंत्री सौर उदय योजना की घोषणा भी की गई है जिसके तहत देश भर के लगभग एक करोड घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे और इसमें सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। गुप्ता बताते हैं कि भोजन पकाने के लिए हमें ईंधन की आवश्यकता पडती है। इसके लिए एलपीजी गैस सिलेंडर के रूप में एकमात्र विकल्प उपलब्ध है और एलपीजी गैस भी हम बडे स्तर पर आयात करते हैं।

इसके विकल्प के रूप में बायोगैस प्लांट अपने घर में लगाने चाहिए। इससे प्राप्त होने वाली गैस मीथेन भोजन पकाने के लिए घरेलू गैस के विकल्प के रूप में सामने आया है। राजस्थान के जनजाति अंचल डूंगरपुर जिले के एक गांव माडा में श्री देवीलाल व्यास द्वारा संचालित पीडो माडा संस्थान द्वारा बायोगैस प्लांट लगाने के लिए सभी प्रकार की सहायता और संसाधन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि जिन घरों के सरकारी नल कनेक्शन में नल नहीं लगा हुआ है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

उदयपुर ( मुख्य ) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 ( राजस्थान ), फोन: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673 ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

**अनुबंध-क अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपतियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध है" और "दायित्व रहित" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/ जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते- मैसर्स वी भादू इंफ्राबिल्ड प्राईवेट लिमिटेड जिसे पहले मैसर्स लेकसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था 316, तीसरी मंजिल, ए-ब्लॉक, आनंद प्लाजा, यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर, राजस्थान-313001 निदेशक एवं जमानतदार- श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू एवं श्रीमती निर्मल भादू पत्नी श्री विरेन्द्र भादू प्लॉट नं. 20-53, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020

कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार- रूपये 6,01,38,274.35 दिनांक 31.10.2022 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्च इत्यादि।

वर्तमान बकाया राशि- रूपये 7,61,41,417.40 दिनांक 19.05.2024 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्च इत्यादि।

कब्जे की स्थिति ( प्रलक्षित/वास्तविक )- वास्तविक

संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय- 01.07.2024, सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक

ई-नीलामी की दिनांक- 05.07.2024

ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय- दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक

| ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि ( ईएमडी ) एवं बोली वृद्धि राशि |
|---|---|
| श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू के नाम साम्यिक बंधक दुकान नं. 17, रोडवेज वर्कशॉप के सामने जो सेक्टर नं. 11, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः रोड, पश्चिमः दुकान नं. 1, उत्तरः दुकान नं. 16, दक्षिणः दुकान नं. 18 अन्य ऋण भारः ज्ञात नही | आरक्षित मूल्य- रूपये 9,90,000/- ; धरोहर राशि- रूपये 99,000/- ; बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- |
| श्री विरेन्द्र भादू पुत्र श्री महेन्द्र सिंह भादू के नाम साम्यिक बंधक दुकान नं. 18, भूतल, रोडवेज वर्कशॉप के सामने जो सेक्टर नं. 11, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः रोड, पश्चिमः दुकान नं. 1, उत्तरः दुकान नं. 17, दक्षिणः दुकान नं. 19 अन्य ऋण भारः ज्ञात नहीं | आरक्षित मूल्य- रूपये 9,90,000/- ; धरोहर राशि- रूपये 99,000/- ; बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- |
| विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, मोबाईल नं. 8875006669 पर संपर्क कर सकते है। | विवरण के लिए यहां स्कैन करें |

दिनांक: 23.05.2024
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
( मुकेश कुमार फुलवारी )
प्राधिकृत अधिकारी